जीवन को इस उपमा से उपमित करने पर मनुष्य का ध्यान सहज ही भीतरी प्रसाधन की ओर अग्रसर हो सकता है । उसी अवस्था मे समीक्षण दृष्टि सक्रिय बनती है एव सम्यग्ज्ञान का आलोक अन्तरतम मे व्यवस्थित हो जाता है । तब समीक्षण दृष्टि के माध्यम से माया-पिशाचिनी का स्वरूप एव उस माया के सर्जन हेतु भी अविदित नही रह पाते । अतएव बुद्धिमान् मनुष्य को चाहिये कि वह बाहरी प्रसाधनो मे अपनी आन्तरिक शक्तियो का दुरुपयोग न कर भीतरी प्रसाधनो मे सदुपयोग करे । बाहरी प्रसाधन तो स्वत सध जाता है । ऐसी स्थिति मे प्रत्येक कार्य मे विधिवत् सफलता प्राप्त होगी एव प्रसन्नता की वृद्धि होगी । माया रूपी पिशाची के जन्म का प्रसग ही नही आयेगा तो विषाद का प्रवेश नही हो पायेगा । अतएव मानव की इस लोक और परलोक को सुव्यवस्थित, सुखमय एव शान्तिप्रद बनाने की इच्छा हो तो उसे सम्यग्ज्ञान के आलोक मे समीक्षण दृष्टिपूर्वक भीतरी कूडा-करकट अवलोकित कर उसे बाहर विसर्जित कर देना चाहिये, जिससे मानवीय जीवन की सार्थकता सम्पन्न हो सके ।

माया अनैतिकता की निसरणी

वास्तविक नैतिकता व्यक्ति, परिवार, समाजादि मे विश्वस्तता का सूत्र है । विश्वास की भूमिका ही एक दूसरे के लिए विश्वस्त बनाने वाली बनती है । विश्वास के बल पर ही प्रत्येक व्यक्ति का जीवन व्यवस्थित चल पाता है । पुरुष

चाहे जिस क्षेत्र में रहे, प्रत्येक क्षेत्र में एक से अधिक सहयोगियों का सहयोग किसी न किसी रूप में अपेक्षित रहता ही है। उसकी अनिवार्यता को नकारा नहीं जा सकता और न नकारना ही चाहिये।

जिस परिवार में जितनी भी एक दूसरे के प्रति निःस्वार्थ सहानुभूति भाव रूप नैतिकता व्यवहार में आयेगी, उस परिवार का भविष्य उतना ही उज्ज्वल अवश्य बनेगा। कदाचित् सभी सदस्य उस स्वरूप को न अपना सके तो एक व्यक्ति भी साहस एवं धैर्यपूर्वक प्रत्युपकार की कोई भी आकांक्षा रखे बिना सेवा एवं सद् व्यवहार में तन्मय होगा तो प्रारम्भ में भले ही उसको निराशा एवं असफलता दृष्टिगत हो किन्तु यदि उस व्यक्ति ने निराशा और असफलताओं को पीठ पीछे रखा एवं समभाव पूर्वक कर्तव्यपरायणता रखी, यही नहीं इतना सब कुछ समर्पित भाव रखने पर भी उस व्यक्ति के प्रति तिरस्कार असहयोग एवं विद्वेष का वातावरण निर्मित हो जाने पर भी यदि वह सबको उपेक्षित कर अपनी वास्तविकता नैतिकता के अनुरूप कर्तव्यपरायणता में तन्मय रहा तो यह सुनिश्चित है कि एक समय अवश्य ऐसा कि जिसमें समग्र पारिवारिक सदस्यगण उसके प्रभाव से प्रभावित हुए बिना नहीं रहेंगे।

सत्कर्म-कर्तव्य पथ की दूरवर्ती मंजिल भी निरन्तर गमन से प्राप्त की जा सकती है। देर लगती है, अंधेर नहीं होता। कर्तव्यपरायण नीतिमान पुरुष जब निरन्तर निःस्वार्थ भावना से नैतिकता का पालन करता रहा तो देर होना सम्भावित है किन्तु अन्तत सफलता स्वत उसका चरण चूमेगी। इस सत्य का समर्थन करने के लिए कई पात्र दृष्टान्त के रूप में लिए जा सकते हैं। उनमें से महापुरुषों की दृष्टि से कई तीर्थंकरों का भी प्रसंग आ सकता है। श्रावकों की दृष्टि से अर्हन्नक (अरणक) आदि श्रावक ज्वलन्त उदाहरण हैं। सन्तु।

इस प्रकार की नैतिकता की परिधि सिर्फ परिवार तक ही सीमित न रहकर समाज, राष्ट्र एवं विश्व तक हो सकती है और इसके फलस्वरूप मानव मात्र सुख-शान्ति का श्वास ले सकता है। किन्तु खेद है कि वर्तमान में ठीक इसके विपरीत ही दृश्य प्रायः दृष्टिगोचर हो रहे हैं।

मे व्यक्ति, परिवारादि यहा तक कि समग्र मानव जाति अनैतिकता एव बेईमानी से भरी हुई है। जब तक इन सभी मे परिवर्तन नही होता तब तक मेरे अकेले चलने से क्या कुछ होने जाने वाला है। ऐसा चिन्तन कर वह नीति एव कर्तव्य-परायणता से विमुख हो जाता है एव धीरे-धीरे ऐसे लोग उसी प्रकार के व्यवहार को स्वीकार कर लेते हैं। आज यही अव्यवस्था व्यक्ति 'परिवार' समाज एव राष्ट्रादि की बनी हुई है। किन्तु नैतिकता का सहारा लेकर चलने वाले महानुभावो ने यह सोचने का प्रयास नही किया कि मैं जिस नैतिकता के परिवेश मे चल रहा था वह वस्तुत नैतिकता थी भी या नही ? यदि वह अन्य व्यक्तियो की ओर से मिलने या न मिलने वाले सहयोग या असहयोग को देखने की अपेक्षा स्वय के अन्तर्वर्ती सहयोग को समीक्षण भाव से अवलोकित करता तो वैसी परिस्थिति उत्पन्न न होती। पर उसने अपना अभियान तो चालू किया किन्तु अपनी ओर देखने की अपेक्षा बाहर ही बाहर देखता रहा, जिससे अपने भीतर नैतिकता के नाम से पनपने वाली अनैतिकता का अवलोकन नही कर पाया। यदि वह सात्विक दृष्टि से अवलोकन करता तो उसकी विफलता का सूत्र उसे स्वय मे ही मिल जाता और उसको निराश या खिन्न होने की अवस्था नही आती, क्योकि उसने अपने को नैतिकता का परिवेश तो दिया किन्तु उसके साथ अनैतिकता के बीज भी बोए। इस कटु सत्य से उसकी बाह्य दृष्टि अवलोकित नही कर पायी। आत्मा के साथ चलने वाली अनादि कालिक माया ने उसको छल डाला।

उसका सूक्ष्म रूप आन्तरिक दृष्टि से इतना ओझल रहा कि जिससे यह आभास भी नही हो पाया कि मैं मायापूर्वक नैतिकता का वायुमण्डल बना रहा हूँ। जिस पुरुष को ऐसी जानकारी नही होती है उस पुरुष की दशा यत्किंचित् विफलता मिलने पर ही बदल जाती है। प्रारम्भ से ही यदि वह नैतिकता का वास्तविक स्वरूप समझकर चरण आगे बढाता तो उसकी गति कभी अवकुण्ठित नही होती। किन्तु उसने बोलचाल की भाषा मे आया हुआ वायुमण्डल नैतिकता के रूप मे पकड लिया और जो यथार्थ मे नैतिकता नही थी उसे नैतिकता मान बैठा। यही एक भयानक भूल रही जिसके परिणामस्वरूप नैतिकता के आवरण मे अनैतिकता अपना सिहासन दृढ करती रही और अन्ततोगत्वा उस अनैतिकता ने अपनी सफलता वरण करली। जिस समय नैतिकता की बात को मस्तिष्क मे लेकर उसने अपना कर्तव्य कर्म निर्धारित किया उसी के मूल मे अनैतिकता का बीज वपन हो गया था। जिसके कारण ऊपर से जनता के समक्ष नैतिकता का परिवेश आ रहा था किन्तु अन्तरग मे यह लालसा थी कि इससे लोग मेरी प्रशसा करे, मेरी प्रतिष्ठा बढे, मैं जिनके लिए यह कार्य कर रहा हूँ वे समय आने पर मेरा भी कार्य करे। इस प्रकार की सूक्ष्म लालसा जो उसके भीतर जन्मी थी, उसी भीतरी लालसा के साथ वह नैतिकता का कार्य करने लगा एव वायुमण्डल

निर्माण में सफलता मानने लगा। किन्तु ज्ञानियों की दृष्टि में वह यथार्थ नैतिकता का स्वरूप नहीं था। वह तो एक प्रकार का व्यापार था और उसमें परोपकार की भावना एवं सेवा का कार्य सहानुभूति एवं प्रत्युपकार के रूप में पाने की लालसा से चल रहा था। उस नैतिक व्यवहार के स्थान पर अन्य भावों का एवं यशकीर्ति का प्रलोभन था। दूसरों के लिए परोपकार का कार्य करना एवं अपने लिए उसके बदले में प्रत्युपकार चाहना स्नेह एवं सौहार्द की अपेक्षा रखना था। यशःकीर्ति की पताका का फहराते रहना ही उस परोपकार के बदले में प्राप्तव्य था। इसी फल के हेतु मनुष्य के चलने से प्रस्तुत फलाकांक्षा माया के रूप में पनप रही थी।

ऐसी माया की धार सीमित समय तक ही अन्तर में छिपी रहती है एवं प्रच्छन्न रहती हुई उस पुरुष के धैर्य को विघटित करती है। फिर उस तथाकथित नैतिकता के आवरण को हटाकर यह माया उस पुरुष के भी भीतर अनैतिकता का स्वरूप उभार देती है। इस प्रकार वास्तविक नैतिकता का उन्मूलन इस प्रकार की प्रच्छन्न माया कर डालती है। इस माया ने व्यक्ति को सच्चा नैतिक बनाने में मदद नहीं की। किन्तु उसे अनैतिक बनाने में वह शीघ्रता से सफल हुई। इस प्रकार यह माया अनैतिकता की निःसरणी फलित हो जाती है और इसका ताना-बाना जाल इतना प्रसरित हो जाता है कि जिससे वास्तविक नैतिकता विलुप्त हो जाती है। आज अधिकांश मानव अपना दोष न देखकर अपनी कमजोरी को छिपाने के लिए दूसरों पर दोषारोपण करते हुए दृष्टिगोचर हो रहे हैं। प्रायः सर्वत्र अनैतिकता ही अनैतिकता दृष्टिगत हो रही है। इस प्रकार माया अनैतिकता की भी निःसरणी बन जाती है।

स्व-पर शान्ति के इच्छुक साधकों को चाहिए कि इस प्रकार जन-जन के मन में अनैतिकता को पनपाने वाली माया का भलीभांति समीक्षण करें एवं स्व-पर जीवन हितार्थ माया की सूक्ष्म से सूक्ष्म रेखा को भी समाप्त करने के लिए भरसक प्रयत्न करें। यह प्रयत्न तभी सफल हो सकता है जबकि स्वयं का ऐसी ही पैनी समीक्षण दृष्टि से निरीक्षण करे जैसा कि पर का निरीक्षण किया जाता है।

सूक्ष्मदर्शक यन्त्र यद्यपि भौतिक तत्वो से निर्मित है फिर भी उसमे ऐसी क्षमता सामर्थ्य निर्मित करदी गयी है जिससे उसके माध्यम से अच्छे एव बुरे समग्र तत्वो का तटस्थ भाव से निरीक्षण किया जा सकता है। वैसे ही समीक्षण दृष्टि भी ऐसी स्वच्छ नीति के साथ शक्ति सम्पन्न बनाली जाय तो उससे स्व-पर भेद से परे तटस्थ द्रष्टाभाव की भाति प्रत्येक अच्छी एव बुरी वृत्ति अवलोकित की जा सके एव अन्य विषयो मे भी जीवन समता का पथिक बना रहे। यह कार्य प्रारम्भ मे सुनिश्चित नियमित समय पर अदम्य उत्साह एव उमग के साथ दीर्घकाल तक निरन्तर अभ्यास एव निरीक्षण-परीक्षण से सम्पन्न किया जा सकता है।

यह जीवन की एक बहुत बडी अमोघ उपलब्धि की अवस्था है। इस उपलब्धि के सहारे एक न एक दिन वास्तविक चिरस्थायी आनन्द को समुपलब्ध किया जा सकता है। अतएव सुज्ञ पुरुषो को इस अमूल्य तन की उपलब्धि के माध्यम से ऐसे स्वर्णिम अवसर को हाथ से कदापि नही निकलने देना चाहिए।

सुज्ञ पुरुषो की सुज्ञता की यही कसौटी है।

माया एक जबर्दस्त सशक्त पाश

विश्व के पदार्थ एक दूसरे से अनुबधित है। पारिवारिक सदस्य पारिवारिक जनो से अनुबधित हैं, सामाजिक सदस्य सामाजिक नियमावली से अनुप्राणित है, राष्ट्र के सदस्य राष्ट्रीय धर्म से प्रतिबधित हैं एव विश्व के प्राणी एक दूसरे के साथ यथायोग्य यथास्थान अनुबधित है।

प्राणियो की तो बात ही क्या, जड तत्त्व भी स्वयोग्य बन्धन से समन्वित हैं। छोटे से छोटा प्राणी अपनी जीवनयात्रा के निर्वाह हेतु पर सापेक्ष अनुबध को लेकर चलता है। चैतन्य देव भी स्वकृत कर्मों से अनुबधित है। इनके सभी बन्धनो की मूल भूमिका के रूप मे माया एक ऐसा कारण है जिसको जबर्दस्त सशक्त पाश कह सकते हैं। इसकी कुटिल चाल जीवन की किसी तन्त्री को सस्पर्श कर लेती है तो धीरे-धीरे सारी तन्त्रियो को अपने अधीन कर लेती है। अमरबेल का छोटासा टुकडा किसी वृक्ष की डाली पर गिर जाय तो धीरे-धीरे वह सारे वृक्ष को अपने जाल मे फँसा लेती है। उसके रस को चूसकर अपने को पुष्ट करती हुई वृक्ष को सुखा डालती है। लगभग इस एक देशीय रूपक से माया के पाश को समझने का प्रयास करना चाहिए। यह भी किसी छोटे तन्त्र को भी घेरने मे सफल हो जाती है तो समय पाकर समग्र जीवन सबधी तन्त्रो को अपने जाल मे फसा लेती है फिर यह जीवन रस से पुष्टि पाती हुई जीवन रूपी वृक्ष के सद्‌गुणो को सुखा देती है। माया के प्रभाव से मानव की गरिमापूर्ण अवस्था कुटिलता मे परिणत हो जाती है। उसकी मानसिक वृत्तिया किसी भी

वस्तु का ग्रहण, चिन्तन करती है तो उस माया के पाश में आबद्ध होकर ही करती है। क्योंकि माया का साम्राज्य जीवन के सभी केन्द्रों में छा जाता है। फिर जीवन की वास्तविक सहजता लुप्त हो जाती है। मन की गतिविधियां कभी-कभी बहुत लम्बी उड़ानें भरती हैं। इन लम्बी उड़ानों में पुरुष कभी सोच लेता है कि मेरे मन की वृत्तियां स्वतन्त्रता से बहुत लम्बी दूरी तक विचरण कर रही हैं किन्तु ऐसा सोचना भ्रम मूलक ही होता है, क्योंकि जब तक मानस-तन्त्र की जड़ों में माया का रस ओतप्रोत है तब तक बहुत दूरगामी मानसिक विचार-धारा भी उस माया रस से अनुप्राणित रहती है। जैसे वृक्ष की सबसे ऊपर निकलने वाली बारीक कोंपल भी वृक्ष के मूल से आने वाले रस से संयुक्त है, वैसे ही मानव की छोटी से छोटी एवं बड़ी से बड़ी समग्र मानसिक वृत्तियां माया पाश से संयुक्त ही होती हैं। अतएव मानसतन्त्र की तथा मानसतन्त्र से सम्बन्धित अन्य क्रियाकलाप भी माया की परिधि में ही चलते हैं। इस जबर्दस्त सशक्त पाश रूप माया का कितना कुछ प्रभाव आत्मा की वृत्तियों पर है, इस विषय का स्वतन्त्र विशद विवेचन हो सकता है किन्तु इस वक्त कुछ संक्षिप्त विवेचन की विवक्षा होने से कुछेक संकेत ही दिये जा रहे हैं। इन संकेतों से जीवन की अन्य प्रवृत्तियों के विषय में भी माया के प्रभाव को समझा जा सकता है।

मनुष्य की भाषा में, जो कि बाहर प्रसारित होती है, इस त्रिविध वक्र चाली माया का साथ में रहना कहा जा सकता है। किन्तु अज्ञानी व्यक्ति इस गूढ़तम रहस्य को समझ नहीं पाते और दुनिया को कहते हैं कि मैं सरल भाषा में बोल रहा हूँ। वस्तुतः वह सरलता वास्तविक सरलता इसलिए नहीं कही जा सकती कि वह मिथ्याडम्बरत्व से संयुक्त है एवं भौतिक लालसाओं से अनुप्राणित है। मानव अज्ञानतावश भौतिक सुख को ही वास्तविक सुख मान बैठता है और उस कल्पित सुख के लिए विविध मायाओं से भाषा का प्रयोग करता है। चाहे वह बोलचाल की भाषा के रूप में हो या वस्तु प्रतिपादन के लिए भाषण रूप हो अथवा लेखन के रूप में हो।

अज्ञान की काली कबली से आच्छादित होने के कारण आत्मा पांच इन्द्रियो सबधी भौतिक विषयो को ही सब कुछ मानकर चलेगा। जैसे चैतन्य देव की यह माया रूपी जबर्दस्त पाश अनादिकाल से जकड कर चल रहा है। इस पाश को देखना और इससे विमोचन पाना भी चैतन्य देव के अधीन ही है।

चैतन्य देव को सद्गुरु के सान्निध्य से सम्यक् उद्बोधन मिलने पर जीवन का वास्तविक स्वरूप समझ मे आता है। उस समय अज्ञान की काली छाया हट जाने से ज्ञान का धवल प्रकाश उदित होता है। इसके साथ ही समीक्षण दृष्टि की दूरबीन तैयार हो जाय तो साधक इस जीवन का अवलोकन कर सके एव जिन-जिन अशुभ भावो से कर्मो का सर्जन किया उन अशुभ भावो के निमित्तो को जानने मे सक्षम बन सकता है। जब निमित्तो को जानने मे समर्थ होता है तब निमित्तो के मूल मे प्रच्छन्न रूप से रही हुई माया के पाश को अवलोकित कर सकता है। उसका अवलोकन होने पर उसके प्रति हेयता के भाव जागृत होते है एव किस विधि से उस जाल के ताने बाने को बिखेरा जा सकता है, उन उपायो का भी परिज्ञान हो जाता है। तब इस विकट पाश को विलग करना सहज बन जाता है। अतएव प्रत्येक सुज्ञ मानव को चाहिए कि वह प्रतिदिन समीक्षण ध्यान का अभ्यास करे एव अन्तरग तत्र को अवलोकन करने की क्षमता अर्जन करे।

माया : मैत्री की कट्टर दुश्मन

मानव दृश्य शरीर का पुतला मात्र ही नही है किन्तु शरीर मे व्याप्त आत्मा सहित मानव कहलाता है। मानव सृष्टि का उच्चतम प्राणी है। इसकी उपमा प्राणीवर्ग मे राजा अथवा जनतत्र मे प्रधानमत्री एव राष्ट्रपति से दी जा सकती है। इसका मूल्याकन अधिकाश प्राणी प्राय नही कर पाते है। वे इस जीवन से उपरत से लगते है। वर्तमान के मानवीय जीवन से असपुष्ट दीख पडते है। उनकी आन्तरिक इच्छा मानवीय जीवन से भी उच्चतर जीवन की ओर लगी रहती है। वे अपनी असतुष्टि को मिटाने के लिए विविध प्रयत्न करते रहते है। यहाँ तक कि इस शरीर को भी विसर्जित कर देते है। इसी प्रकार अतृप्त इच्छाओ के साथ आत्मा शरीर को विसर्जित कर किसी अन्य योनि को वर लेता है। वहाँ मानवीय तन जैसी क्षमता का अभाव रहता है। अतएव वहाँ अभीष्ट सिद्धि को वरण कर पाना सभव नही होता। उसकी परिपूर्ण सभावना मानव तन मे रहता हुआ चैतन्य देव कर सकता है। क्योकि सपूर्ण सम्यक् सतुष्टि की उपलब्धि का माध्यम मानवीय तन ही है। परन्तु इस मानवीय तन मे रहती हुई आत्मा अन्यान्य विपयो की प्राप्ति का प्रयत्न करती है। उनमे से कुछेक प्रयत्न ऐसे भी होते है जिनसे वह वर्तमान मे भी कुछ आपेक्षिक अभीष्ट सिद्धि प्राप्त कर सकता है।

चैतन्य देव अपने अहंभाव की संतुष्टि के लिए अन्य की सहानुभूति भी प्राप्त करने का इच्छुक रहता है। साथ ही वह भी चाहता है कि मिलने वाली सहानुभूति किसी स्वार्थ एवं दबाव के साथ न हो। निःस्वार्थ एवं बिना दबाव के हो। ऐसी सहानुभूति को वह प्राप्त करने के लिए तत्पर भी रहता है। वह सहानुभूति लेना अवश्य चाहता है किन्तु अन्य को वैसी सहानुभूति देना पसन्द नहीं करता है अथवा यों कहें मान है कि वह प्रायः उसके विषय में सोचने का भी कष्ट नहीं करता। परन्तु चैतन्य देव की इस प्रकार की वृत्ति स्वार्थ मूलक ही मानी जावेगी। ऐसी स्थिति में किसी के साथ कदाचित् मैत्री सम्बन्ध स्थापित होता है तो वह अल्पकालीन होता है। उसमें स्थायी मैत्री की उपलब्धि नहीं होती। स्वार्थादि हेतुओं की पूर्ति होने तक वह चलेगी और उसकी कमी होने पर उसमें शिथिलता आये बिना नहीं रहेगी। इस दृष्टि से देखा जाय तो ऐसी वृत्ति मैत्री भाव की न होकर स्वार्थपूर्ति की प्रबल भावना होती है। वास्तविक मैत्री तो स्वार्थ आदि कारणों से निरपेक्ष निःस्वार्थ भावना के साथ चल पाती है। ऐसा पुरुष अपनी मैत्री को स्थायी रूप से निभाने का प्रयत्न करता है, न कि उसको विखण्डित करने का। किन्तु कभी-कभी निःस्वार्थ मैत्री को विनष्ट करने की भावना न रखता हुआ भी मनुष्य आन्तरिक तत्त्व पर नियंत्रण न होने से उस मैत्री भाव को समाप्त कर बैठता है। समाप्त करने के हेतुओं में से एक हेतु माया भी है। माया एक ऐसी आन्तरिक चिनगारी है जो सुन्दर एवं निःस्वार्थ मैत्री का विध्वंस कर ही देती है। इसलिए शास्त्रकार कहते हैं कि "माया मित्ताणि नासेइ" अर्थात् माया मित्रता को नष्ट कर देती है।

अन्तर के अवलोकन से ही अभिव्यक्त होगी। अतएव मैत्रीभाव के पहले अन्तर मे जो भावोर्मियाँ है उनका समीक्षण पूर्वक सूक्ष्मता से अवलोकन करे एव देखे कि इन भावोर्मियो मे जो मैत्री भाव की उत्सुक उर्मियाँ है, उनके इर्दगिर्द अथवा अन्दर किसी प्रकार के स्वार्थादि की वदबू तो नही है ? अथवा मैत्री को विनष्ट करने वाली माया की छाया मे तो उर्मियाँ पल्लवित नही हो रही हैं, यदि साधक को लगे कि स्वार्थ आदि की दुर्गन्ध इन उर्मियो के अन्दर छिपी है तो नि स्वार्थ भाव की अवस्था से उनको दुर्गन्ध से रहित बनावे। तदनन्तर समीक्षण दृष्टि को पैनी बनाकर माया की झायी को एकाग्रतापूर्वक अवलोकित करें। जब साधक को ज्ञात हो कि माया की छत्रछाया मे ये भावोर्मियाँ कार्य कर रही है और इन भावोर्मियो से सही मैत्री भाव का विकास नही होगा, क्योकि वास्तविक मैत्री भाव के प्रारम्भ के साथ ही साथ माया को जहरीले कीटाणु लग जाने से सच्ची मैत्री भाव का विकास नही हो सकेगा। अतएव माया की जाया से ग्रस्त इन उर्मियो को अमायी भाव के प्रकाश मे उपस्थित किया जाय जिससे कि अग्रिम मजिल का कार्य सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न किया जा सके। इस प्रकार मैत्री भाव का समीक्षण करने के पश्चात् माया सबधी कर्म स्कन्धो का समीक्षण करे। क्योकि उर्मियो से माया की छाया को दूर करने पर भी माया के कर्म स्कन्ध यदि वैसे के वैसे बने रहे और उनका समीक्षण न हुआ तो उन कर्म स्कन्धो के उदय आने पर पुन माया की छाया पवित्र भावोर्मियो को आच्छादित कर सकती है। वैसी स्थिति मे निर्मल मैत्री भाव का स्वरूप धूमिल हुए बिना नही रहेगा। उनके धूमिल होते-होते साधक की यत्किंचित् भी असावधानी हुई तो वह मैत्री या स्वार्थ मे परिणत हो जायेगी या विनष्ट हो जायेगी। उसके अभाव मे अभीष्ट सिद्धि का स्वप्न अधूरा ही रहेगा अथवा स्वप्न स्वप्न रूप मे ही रह जायेगा।

ऐसी स्थिति मे चैतन्य देव की गतिविधियाँ अनादिकालीन गतिविधियो के समकक्ष बनने की सभावना बनी रहती है और यह अमूल्य मनुष्य तन हाथ से निकल जायगा। अतएव साधक को समीक्षण ध्यान की विधाओ मे जिस विधा का सुविधापूर्वक उपयोग किया जा सकता है उस विधा को अपनाकर समीक्षण ध्यानपूर्वक समीक्षण दृष्टि के विकास मे जरा भी असावधानी नही बरतनी चाहिए।

असावधानी ही प्रमाद का प्रमाण है। यही प्रमाद अन्य अनेक पापो का जनक बनता है। प्रमाद माया का तो आलय-स्थान बन जाता है। यह माया का आलय-स्थान न बने एव जागृति की अवस्था सदा वृद्धिगत होती रहे, यह ललक अन्त करणपूर्वक रही तो समीक्षण ध्यान की अभिवृद्धि मे साधक को सफलता अवश्य मिल सकती है।

माया प्रगति में बाधक

चैतन्य देव स्वोपार्जित कर्मों के परिणामस्वरूप विविध योनियों में उत्पन्न होकर चातुर्गतिक संसार के आवर्त में अनवरत चलने वाला प्राणी प्रगतिशील है, यह नहीं कहा जा सकता। क्योंकि वह अनादिकालीन चक्र में ही गमन करता रहता है। यथा आत्मा शुभाशुभकर्म स्वयं उपार्जित करती है और उपार्जित कर्मों के परिणामस्वरूप फलोपभोग के लिए विभिन्न योनियों में, गतियों में जाती है।

योनियाँ एवं गतियाँ स्वयं सीमित हैं एवं सीमित क्षेत्र में ही आबद्ध हैं। आत्मा उसी क्षेत्र एवं गतियों में पुनः-पुनः गमनागमन करती रहती है। इसलिए इस गमनागमन को आवर्त कह सकते हैं। जिस प्रकार पाँच इन्द्रियों के विषय में आत्मा प्रवेश पाती है और उन्हीं इन्द्रियों की परिधि में भ्रमण होता है। एकेन्द्रिय से पंचेन्द्रिय तक तथा पंचेन्द्रिय से पुनः एकेन्द्रिय तक एवं भावात्मक दृष्टि से राग द्वेषादिक विषय व कषायों में, तथा विषय व कषायों से रागद्वेषादि में यह आवर्तन होना प्रगति नहीं पुनः पुनः गमन है, चक्कर खाना है।

प्रगति तभी कही जा सकती है जबकि इन आवर्तों से ऊपर उठा जाय, आश्रवों के द्वारों को रोका जाय एवं सम्यक् चारित्र धर्म के अनुपालन से संवर एवं निर्जरा का स्वरूप उपलब्ध करते हुए आत्मा के चरम विकास की ओर अग्रसर होने का प्रयास किया जाय। इस प्रकार के सम्यक् पुरुषार्थ को प्रगति में नियोजित पुरुषार्थ कहा जायेगा। यह पुरुषार्थ आत्मा को इन योनियों एवं चातुर्गतिक आवर्त से विमुक्ति दिलाने वाला है। वास्तव में यह प्रगति का स्वरूप है। इस आध्यात्मिक प्रगति की साधना के लिए जितना भी प्रयास किया जायेगा उतना ही वह प्रवाह प्रगति करने वाला होगा।

पापो को हरा-भरा बनाने वाली माया है । यह माया प्राणी को अपने ही घेरे मे, हिंसादि पापो मे उलझाये रखती है । प्रगति मे सदा सर्वदा बाधक बनती आ रही है । यह इसकी अनादिकालीन अवस्था है । जब माया शल्य से कुछ उपरत बना जाता है तभी प्रगति के चरण चिह्न अहिंसादि व्रत प्रगति के सोपान बन पाते है । इसलिए शास्त्रकारो ने कहा—"नि-शल्यो व्रती" जो शल्य रहित अवस्था को प्राप्त करता है वही व्रती होता है । जब तक शल्य है तब तक प्राणी व्रती के स्वरूप को अन्तर मे स्वीकार नही कर सकता । शल्य के तीन भेद कहे गये है –माया शल्य, निदान शल्य और मिथ्यादर्शन शल्य । यह त्रिपुटी लगभग समकक्षता के साथ रहती हे तथापि इसमे प्रथम स्थान माया शल्य को मिला है ।

इससे सूर्यालोक की तरह सुस्पष्ट होता है कि शल्य के रहते प्रगति के प्रतीक अहिंसादि व्रत एव उनका परिपालन शक्य नही और इन अहिंसादि व्रतो के सम्यक्रीत्या परिपालन के बिना प्रगति का पथ प्रशस्त नही हो पाता । इसीलिए कहा गया है कि माया प्रगति मे बाधक है ।

सच्चा साधक बडे ही साहस के साथ इस लक्ष्य को ध्यान मे रखकर प्रगति के पथ पर चल पडता है । अणुव्रत एव महाव्रत रूप प्रतिज्ञाएँ भली-भाति अगीकार कर आदर्श उपस्थित करता है । महाव्रतो को स्वीकारने वाले के प्रति जनता का अधिक आकर्षण बढ जाता है जनता उनको वदनीय व पूजनीय मानने लगती है । कभी-कभी वह इतनी हर्षविभोर हो कर मानने लगती है कि यह सत महापुरुष दुनिया का उद्धार एव वीतराग देवो द्वारा प्रतिपादित अतिदुष्कर महाव्रत धारण करके चल रहे है । ऐसे पुरुषो की सेवा एव आशीर्वाद ही भव्यो के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण एव मगलप्रद है ।

साधारण जनता को गहराइयो का ज्ञान कम होता है । वह प्राय श्रद्धाप्रधान हुआ करती है । साधु-महात्मा भी इस प्रगति के पथ को स्वीकार करके शास्त्रो का कुछ मात्रा मे अध्ययन, अध्यापन भी कर पाते है, उनकी व्याख्याए करते है और जनकल्याणकारी उपदेश भी देने लगते है । श्रोतागण भी अपूर्व चाह के साथ श्रवण करते है । उनको अच्छा लगता है तो कभी-कभी अन्य मार्गी पुरुष भी श्रवण के लिए पहुँचते है । वे भी जनरल उपदेश से प्रभावित होकर कुछ प्रशसा कर बैठते है, क्योकि उन व्यक्तियो के लिए ऐसा स्वरूप एव ऐसा उपदेश कुछ अपूर्व होता है ।

साधु के परिवेश से चलने वाले तो बहुत होते है किन्तु वीतराग देव द्वारा उपदिष्ट मार्गानुसार चलने वाले उनमे बहुत नही होते । उनका दोष भी क्या ? उनको वास्तविक प्रगति का पथ मिल नही पाने से जो कुछ भी अपूर्ण व्यक्तियो

है। वे कभी-कभी इतने आकर्षित हो जाते हैं कि वीतराग देव के अनुयायी बन जाते है और उन वीतराग देव के सतो को गुरु रूप मे स्वीकार कर चलने लगते है।

वीतराग देव द्वारा प्ररूपित प्रगति का वास्तविक मार्ग आगम शास्त्रो का अध्ययन एव गहनता से चिन्तन-मनन करने वाले विरल व्यक्ति ही जान पाते हैं। जो परम्परा से वीतराग देव के अनुयायी कहलाते है किन्तु आधुनिक विद्या एव भौतिक विज्ञान के विशिष्ट विज्ञाता होते है वे तथा इसी प्रकार के वायुमण्डल मे पले पौषे साधारण जन समुदाय भी प्रगति क्या है, इसको सही अर्थ मे समझ नही पाते। यश की क्षुधा किस साधु मे पैदा हो जाती है वह आधुनिक राजनैतिक एव तथाकथित प्रगति के नाम पर चलने वाली बातो को लेकर अपने व्याख्यान मे विषय का प्रतिपादन करते हैं और वास्तविक प्रगति से अनभिज्ञ मनुष्यो को प्रकारान्तर से उत्साहित करते हैं एव धर्म के प्रचार-प्रसार की लुभावनी बाते बतलाने लगते है। उन बातो को लेकर आधुनिक युग के लौकिक सुधारको के तौर-तरीके की बाते अपनाने लगते हैं। प्रचार-प्रसार के नाम पर हिसा के प्रचण्ड शस्त्र विद्युतादि को काम मे लेने लगते है। परिग्रहादि के प्रपच मे पडते है। शास्त्रीय मर्यादाओ का उल्लघन कर बिना पुरुषो की साक्षी के बहिनो को एव तरुणियो को बैठाकर प्रगति के नाम पर वस्तुत अप्रगति का शिक्षण देने लगते हैं।

प्रगति के रहस्य को जानने वाले बहुत विरल होते है। वे विरल पुरुष इस प्रवृत्ति को पसन्द न करते हुए कुछ विरोध का स्वर भी मुखरित करते है, किन्तु वास्तविक प्रगति के मर्म को न जानने वाले लोग एव उनको प्रश्रय देने वाले साधु उनको पुराण पथी कहकर खिन्न करने का प्रयास करते है एव प्रगति के नाम पर साक्षात् हिंसादि कार्यों मे सलग्न होते हुए भी नही सकुचाते। ऐसे साधु जीवन की वास्तविक प्रगतिमय व्याख्या माया के साथ करने लगते है।

यह माया उन व्यक्तियो के मस्तिष्क मे छा जाती है, जिससे उनको अप्रगति अर्थात् आवर्तभूत ससार के हेतुओ मे ढकेल देती है। ससारावर्त के हेतु हिसा, झूठ, चोरी, अब्रह्मचर्य, परिग्रहादि है। इन हेतुओ को छोडकर ही तो प्रगतिशील बने। माया मे न्यूनता आई जिसके परिणामस्वरूप परिपूर्ण पथ महाव्रत अगीकार किये। किन्तु माया मे यशकीर्ति का चोगा पहनाकर साधक को पुन विमोहित किया। फलस्वरूप साक्षात् हिंसा करता हुआ भी अपने आपको अहिंसक कह सत्य का गला घोटा। भगवान् के प्रगति पथ पर चलने वालो को अचौर्य व्रत अनिवार्य है। उसे तोडना आज्ञा भग करना है।

ब्रह्मचर्य सम्बन्धी नियमो का उल्लघन कर अब ब्रह्मचर्य की ओर बढे, परिग्रह के प्रपच से अपरिग्रह महाव्रत का हनन कर अन्य पापो का भी असेवन

बनती है। मनुष्य उसकी ओट में अपने अभीष्ट पदार्थ को प्राप्त करने मे प्राय: सफल हुआ करते हैं। रावण ने सीताजी को उठाने के लिए जोगी का वेश बनाया जिससे कि सीता के मन के किसी कोने मे आशका ही न हो सके कि यह मेरे साथ यत्किचित् भी धोखा या ठगाई करेगा। सीताजी आशका को किंचित् भी स्थान न देते हुए सद्भावनापूर्वक दान देने के लिए तत्पर बनी। किंतु गूढ मायावी न दान का पात्र था और न योग का अधिकारी ही था। ठीक इसके विपरीत भोग का कामी एव प्रबल माया के साथ षड्यत्र रचने वाला था। परिणामस्वरूप सती को हरण करने मे सफल बना। यह तो नमूने के तौर पर विषय को स्पष्ट करने के लिए उल्लिखित कर दिया। किंतु ऐसे षड्यत्र दुनिया मे कितने रचे जाते है एव किन-किन विषयो को लेकर षड्यत्र की सरचना की जाती है और उनकी पृष्ठभूमि माया किस प्रकार प्रमुख पार्ट अदा करती है, यह सुज्ञ व्यक्तियो से जानकारी करने पर अविदित नही रहता। अतएव यह भलीभाँति जाना जा सकता है कि इस प्रकार की माया से जीवनी-शक्ति का कितना अपव्यय होता है। कुछ क्षणो के लिए सफलता मिल जाने पर भी अन्तत विफलता ही हाथ लगती है। साथ ही साथ षड्यत्र के खुल जाने या चिरकालोपार्जित प्रतिष्ठा स्वल्प समय मे ही समाप्त हो जाती है। जनता के बीच मायावी पुरुष अविश्वसनीय बन जाता है। प्राय लोग इसे घृणा की दृष्टि से देखने लगते हैं। अदना-सा व्यक्ति भी तिरस्कृत करने मे पीछे नही रहता। ऐसे समय मे वह कितना ही शपथ खाकर अपनी प्रामाणिकता सिद्ध करने का प्रयत्न करे किंतु सहज स्वाभाविक रूप मे प्राप्त पूर्व की प्रामाणिकता आ नही सकती। जैसे मिट्टी के कोठे को कितना भी धोया जाय, चमक पा नही सकता। मोती का पानी उतरने मे देर नही लगती।

अमूल्य मानव तन की कितनी दयनीय दशा एव विडम्बना! इस तन से उत्कर्ष-साधना का सुन्दर योग मिला था, किंतु निकृष्टता मे जीवन का उपयोग हुआ। ऐसा जीवन पशु से भी निकृष्ट होता है। पशु का तो फिर भी दुनिया विश्वास कर सकती है। पालतू श्वान भोजनादि समग्र सामग्री के पास रहने पर भी मुँह उसमे नही डालता वल्कि अन्यो से उनकी सुरक्षा करता है। मालिक उस समय कितना विश्वास करता कि उसके भरोसे सारे घर को भोजन सामग्री सहित खुला छोडकर चला जाता है। इतना विश्वास तो दूर रहा, उससे हजारवाँ अश भी मायावी का विश्वास नही करता है।

अविश्वसनीय जीवन क्या वस्तुत जीवन कहा जा सकता है पर क्या किया जाय! यह माया महत्त्वपूर्ण जीवन एव प्रतिष्ठा को धूल मे मिला देती है। विश्वसनीयता का हरण कर निष्प्राण वना देती है। ऐसी अवस्था मे कोई भी व्यक्ति विशेषत सुज्ञ पुरुष रहना कैसे पसन्द कर सकता है। अतएव सुज्ञ पुरुष को चाहिए कि वह सदा इस कुटिल माया से अपने आपको दूर रखे एव प्रारम्भ

से ही ऐसा मानव मन्द एवं मधुर व्यवहार करे कि जिससे जीवन की गरिमामय प्रतिष्ठा बनी रहे। जीवन का [illegible] होता है। [illegible] व्यवहार का [illegible] रहता है और जीवन के साथ-साथ [illegible] विकसित हो जाता है। ऐसा व्यक्ति भी अपने जीवन का [illegible] जीवन के लिए विशेष महत्त्वपूर्ण बनता है। ऐसा जीवन जीने वाला पुरुष भले ही आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न न हो, किन्हीं पदवियों से अलंकृत न हो फिर भी उसका गरिमामय जीवन आदर्श कहा जा सकता है। जिस पुरुष ने इस प्रकार अपने जीवन की गरिमा अर्जित की है वह पुरुष अन्तिम मंजिल पर भी सहज ही पहुँच सकता है।

आध्यात्मिक जीवन मनुष्य जीवन का सम्पूर्ण सार्थक जीवन है। इस जीवन का शुभारम्भ [illegible] तथा जो समीक्षण ध्यान साधना का अभ्यास करने लगता है और माया के स्वरूप का समीक्षण दृष्टि से [illegible] रहता है वह [illegible] एक दिन समीक्षण ध्यान [illegible] के साथ-साथ [illegible] बन जाता है। अतएव प्रत्येक मुमुक्षु पुरुष मानसिक धरातल में प्राप्त [illegible] का सदुपयोग करें तथा [illegible] आदि के माध्यम से कभी भी माया के [illegible] में न आवें। इससे दुःख, द्वन्द्व, अशान्ति एवं तनाव आदि विकारों [illegible] उत्पन्न हो जाती है, जिससे शान्ति का [illegible] भी [illegible] हो जाता है। अतएव न स्वयं किसी प्रकार के प्रपंच की [illegible] करें न दूसरों के [illegible] का सृजन करने का प्रयत्न करें और न ऐसे [illegible] के [illegible] का अनुसरण ही करें। क्योंकि माया के [illegible] से [illegible] के [illegible] कुछ भी नहीं होता। इसके विपरीत नियमित समीक्षण [illegible] की [illegible] करना तथा अधिक से अधिक समय समीक्षण ध्यान में [illegible] का प्रयत्न करें [illegible] तथा [illegible] समीक्षण दृष्टिकोण ही [illegible] की [illegible] एवं माया के [illegible] का [illegible] रहेगा। [illegible] से [illegible] समतामय जीवन का [illegible] किया जा सकेगा और [illegible] भी [illegible] बन सकेगा। इसी से मानव जीवन की सार्थकता है।

राग-द्वेष की गठरी

परिधि मे है तो वे व्यक्ति के भीतर मे भावो को जगाने मे सक्षम बन सकते है परन्तु जिसके भावो को उद्वेलित करने के लिए चैतन्य देव प्रयत्न करता है यदि उस व्यक्ति के मन मे उद्वेलित होने योग्य भाव नही है तो उसके भी निमित्त नही बन सकते और यदि उद्वेलित होने योग्य भाव है तो निमित्त बन सकते हैं, किंतु उद्वेलित करने वाला व्यक्ति उद्वेलित करने मे सक्षम हो तब। किंतु आन्तरिक कारण बाहर के निमित्त भाव मे भी सक्रिय हो सकते है एव किसी अन्य को भी निमित्त बना सकते है।

ऐसे कारण ससारी आत्माओ के लिए मुख्यतया राग और द्वेष है। राग-द्वेष की परिणति माया के सहयोग के बिना विशेष कामयाब नही होती। द्वेष कदाचित् उससे किसी समय विलग भी हो जाय किंतु राग तो उसके बिना पनप ही नही सकता। अतएव माया को राग-द्वेष की सहचरी कहा जा सकता है।

जब माया अपना तीव्र रूप धारण करती है तो स्पष्टतया राग और द्वेष को अधिक सबल मिल जाता है और इससे ससार की विविध योनिया मिलती है। यदि प्रशस्तता के साथ इसकी परिणति बन पाती है तो पुण्य प्रधान योनि अथवा ससार से विमुक्ति पाने के लिए देव गुरु धर्म का सबल भी प्राप्त हो सकता है किंतु अप्रशस्तता की अवस्था मे जीवन का अध पतन ही होता है। अतएव साधक को सावधानीपूर्वक इस माया के तत्र को समझने की आवश्यकता है। यह तभी सभव है जबकि समीक्षण दृष्टि का भव्य विकास हो पाए। इसके बिना साधक धोखा खा सकता है, गफलत मे पड सकता है। कभी माया को ही अपना सबल भ्रांतिवश बना लेता है अथवा यह माया विविध प्रकार का रूप बनाती रहती है और यह कभी अच्छे परिवेश मे आकर चित्त वृत्ति को विनष्ट करने की चेष्टा करती है। जिस प्रकार पूतना ने दुधमु हे श्रीकृष्ण को दूध पिलाने की स्नेह-मयी वृत्ति दिखाकर समाप्त करना चाहा किंतु श्रीकृष्ण उसको पहचान गये और उसी की समाप्ति कर दी, वैसे ही साधक समताभावपूर्वक समीक्षण दृष्टि से माया के विविध रूपो को पहचान सकता है एव यथास्थान उनको समाप्त करने का सत्पुरुषार्थ भी कर सकता है। यह एक ऐसा कठिन कार्य है कि जिसमे खजर की धार पर चलने वाला जितना सजग रहता है उससे भी कही अधिक, जागृति की आवश्यकता है। क्योकि यह माया कभी-कभी बडे-बडे धुरधर योगियो को भी चकमा देने से नही चूकती। साधारण व्यक्तियो का तो फिर कहना ही क्या? इसलिये योगी साधक भी साधना की पूरी उपलब्धि नही कर पाते। गृहस्थावस्था मे रहने वाला मुमुक्षु साधक कभी साहस करके यत्किंचित् साधना मे सलग्न भी होता है किंतु उसका उस साधना क्षेत्र मे मार्ग जितना चाहिए उतना प्रशस्त नही बन पाता। इस रहस्य को गृहस्थ साधक समझ भी नही पाते, क्योकि उनकी अधिकाश जीवनी शक्ति सासारिक पदार्थों को उपलब्ध करने मे व्यय हो जाती है। वे साधना करने की कोशिश करते है किंतु शक्ति का सचय

लिए 'समीक्षण' कहा है। क्योकि इस 'सम्' के अलावा जितना भी ईक्षण देखना है वह राग-द्वेष एव माया मूलक ही देखना है। इसलिए यथार्थ उन्नति का प्रबल एव प्रमुख सहायक समता दर्शन ही है। जब कभी भी जिस किसी भी मानव को सभी दु खों एव दोषो से छुटकारा पाना होगा, इसी समता स्वरूप को जीवन मे ढालने पर ही होगा, समता का परिपूर्ण रूप समीक्षणदृष्टिपूर्वक जीवन मे आयेगा तो वही जीवन वास्तविक परम सुख एव परम शान्ति पायेगा। उस परिपूर्ण स्वरूप को प्राप्त करने के लिए मानव को चाहिए कि जितनी भी शक्ति साधन के रूप मे उपलब्ध हुई है उसका उपयोग यथासभव समतामय जीवन को निर्मित करने के लिए किया जाय एव समीक्षणदृष्टि को दृढीभूत बनाया जाए। वह स्थायित्व रूप को प्राप्त करती हुई तीक्ष्ण बनती रहे। स्थूल पदाथो को एव प्राणियो के स्थूल रूप को समीक्षण दृष्टिपूर्वक देखने का अभ्यास करे। स्थूल से सूक्ष्म को भी समीक्षण भाव से देखने के लिए समीक्षण दृष्टि मे ऐसी क्षमता अर्जित करे कि जिससे वह स्थूल से सूक्ष्म की ओर देखने के लिए अधिकाधिक अभ्यस्त बने स्थूल शरीर की प्रवृत्ति को उसी दृष्टि से देखते हुए सूक्ष्म शरीर को देखने की सामर्थ्य आ जाय और वह सूक्ष्म से आगे की अवस्था को भली-भाँति अवलोकित कर सके ऐसी अकुण्ठित समीक्षा दृष्टि का स्वरूप उपलब्ध करे। तथा क्रोध समीक्षण से आगे बढते हुए मान का समीक्षण हो तथा मान समीक्षण से भी आगे बढकर माया का समीक्षण करे। माया का समग्र रूप से समीक्षण हो जाने पर वही सतुष्टि का अनुभव न करे, किन्तु चेतना मे अपूर्व उत्साह भरते हुए यही चिन्तन करे कि माया से भी परे जितनी अवस्थाएँ हैं, उन सभी अवस्थाओ का समीक्षण मैं भलीभाँति कर पाऊँ। इस प्रकार इस मानवीय जीवन मे रहता हुआ चैतन्य देव बाह्य एव आभ्यन्तर सभी बधनो का समीक्षण करता हुआ उनसे सदा-सदा के लिए विलग होने का जो चरम लक्ष्य है, उसी चरम लक्ष्य की सम्पूर्ति इस जीवन के रहते हुए जितनी अधिक कर पाऊँ उतना ही जीवन सफल है। अन्त करण मे ऐसा दृढ सकल्प जागृत होने पर राग-द्वेष की सहचरी माया का उन्मूलन शक्य बन सकता है।

माया मिच्छादिट्ठी

हा हा अरे चैतन्य देव तेरी यह कैसी दशा बन गई। तू समग्र सृष्टि का सारभूत तत्व है। सम्पूर्ण सृष्टि मे जितने भी अनतानत पदार्थ है वे सब चैतन्य स्वरूप की समकक्षता को नही प्राप्त कर सकते। यह चेतना ही इस सृष्टि मे विभिन्न पर्यायो के धारण करने की क्षमता रखती है। विभिन्न पर्यायो मे रूपान्तरण करने की ज्ञानपूर्वक क्षमता तेरे मे ही है। तू मानव और देव भी बन सकता है। मानव-पर्याय मे रहता हुआ ईश्वरीय सिद्ध स्वरूप की पर्याय पाने की क्षमता भी तेरे अन्दर ही दबी हुई है। केवलज्ञान केवलदर्शन का स्वरूप भी तेरे पास आवृत्त है, अनन्त अव्याबाध आनन्द एव अखण्ड शान्ति का अक्षय कोष भी

लिए 'समीक्षण' कहा है। क्योंकि इस 'सम्' के अलावा जितना भी ईक्षण देखना है वह राग-द्वेष एव माया मूलक ही देखना है। इसलिए यथार्थ उन्नति का प्रबल एव प्रमुख सहायक समता दर्शन ही है। जब कभी भी जिस किसी भी मानव को सभी दु खो एव दोषो से छुटकारा पाना होगा, इसी समता स्वरूप को जीवन मे ढालने पर ही होगा, समता का परिपूर्ण रूप समीक्षणदृष्टिपूर्वक जीवन मे आयेगा तो वही जीवन वास्तविक परम सुख एव परम शान्ति पायेगा। उस परिपूर्ण स्वरूप को प्राप्त करने के लिए मानव को चाहिए कि जितनी भी शक्ति साधन के रूप मे उपलब्ध हुई है उसका उपयोग यथासभव समतामय जीवन को निर्मित करने के लिए किया जाय एव समीक्षणदृष्टि को दृढीभूत बनाया जाए। वह स्थायित्व रूप को प्राप्त करती हुई तीक्ष्ण बनती रहे। स्थूल पदाथो को एव प्राणियो के स्थूल रूप को समीक्षण दृष्टिपूर्वक देखने का अभ्यास करे। स्थूल से सूक्ष्म को भी समीक्षण भाव से देखने के लिए समीक्षण दृष्टि मे ऐसी क्षमता अर्जित करे कि जिससे वह स्थूल से सूक्ष्म की ओर देखने के लिए अधिकाधिक अभ्यस्त बने स्थूल शरीर की प्रवृत्ति को उसी दृष्टि से देखते हुए सूक्ष्म शरीर को देखने की सामर्थ्य आ जाय और वह सूक्ष्म से आगे की अवस्था को भली-भाँति अवलोकित कर सके ऐसी अकुण्ठित समीक्षा दृष्टि का स्वरूप उपलब्ध करे। तथा क्रोध समीक्षण से आगे बढते हुए मान का समीक्षण हो तथा मान समीक्षण से भी आगे बढकर माया का समीक्षण करे। माया का समग्र रूप से समीक्षण हो जाने पर वही सतुष्टि का अनुभव न करे, किन्तु चेतना मे अपूर्व उत्साह भरते हुए यही चिन्तन करे कि माया से भी परे जितनी अवस्थाएँ है, उन सभी अवस्थाओ का समीक्षण मैं भलीभाँति कर पाऊँ। इस प्रकार इस मानवीय जीवन मे रहता हुआ चैतन्य देव बाह्य एव आभ्यन्तर सभी बधनो का समीक्षण करता हुआ उनसे सदा-सदा के लिए विलग होने का जो चरम लक्ष्य है, उसी चरम लक्ष्य की सम्पूर्ति इस जीवन के रहते हुए जितनी अधिक कर पाऊँ उतना ही जीवन सफल है। अन्त करण मे ऐसा दृढ सकल्प जागृत होने पर राग-द्वेष की सहचरी माया का उन्मूलन शक्य बन सकता है।

माया मिच्छादिट्ठी

हा हा अरे चैतन्य देव तेरी यह कैसी दशा बन गई। तू समग्र सृष्टि का सारभूत तत्व है। सम्पूर्ण सृष्टि मे जितने भी अनतानत पदार्थ है वे सब चैतन्य स्वरूप की समकक्षता को नही प्राप्त कर सकते। यह चेतना ही इस सृष्टि मे विभिन्न पर्यायो के धारण करने की क्षमता रखती है। विभिन्न पर्यायो मे रूपान्तरण करने की ज्ञानपूर्वक क्षमता तेरे मे ही है। तू मानव और देव भी बन सकता है। मानव-पर्याय मे रहता हुआ ईश्वरीय सिद्ध स्वरूप की पर्याय पाने की क्षमता भी तेरे अन्दर ही दबी हुई है। केवलज्ञान केवलदर्शन का स्वरूप भी तेरे पास आवृत्त है, अनन्त अव्याबाध आनन्द एव अखण्ड शान्ति का अक्षय कोष भी

तेरे पास है। तू दातार और विज्ञाता भी है। तू दीन-दुःखी नही है। अज्ञानता अपने निजी स्वरूप मे नही रखता। इतना सब कुछ होते हुए भी तेरी यह दीन-हीन व कगाल-सी अवस्था क्यो हो रही है। कभी-कभी तो पशु-पक्षियो से भी हीनतर अवस्था, यहाँ तक कि निगोद के घेरे मे हीनतम अति सकुचित दशा बन जाया करती है। यह सब क्यो ?

तूने कभी सोचा समझा, चिन्तन-मनन किया। यदि मनुष्य पर्याय मे रहते हुए चिन्तन मननपूर्वक क्षण भर के लिए भी अपनी वास्तविक सत्ता को एव पारमार्थिक स्वरूप को समझ लिया होता तो यह अवस्था अधिक समय तक टिक नही सकती थी। किन्तु हे चैतन्य देव ! तूने अपने निजी स्वरूप एव सामर्थ्य को कभी पहचाना नही, किन्तु पर स्वरूप (जड तत्त्व) को ही सर्वोपरि माना, सब कुछ समझा। उसी के लिए तूने अपने समग्र सामर्थ्य को समर्पित किया। उसी मे अहर्निश सलग्न रहा। ममता एव गाढ मूर्च्छा के साथ उसी को पकडा। गूढतम एव कुटिला माया की छाया मे उसी की आज्ञा का अनुसरण किया। जिससे तूने कभी ससार के विकसित पर्याय को भी पाया, किन्तु उस विकसित पर्याय के साथ भी तेरा आसक्ति भाव जड के प्रति ही रहा। उसके परिणाम-स्वरूप विकसित पर्याय से शनै -शनै अविकसित पर्याय की ओर बढने लगा। इसी सिलसिले मे उतरते हुए हीनतम पर्याय मे जा पहुँचा। गूढ माया की इतनी बेहोशी रही कि जिससे कुछ भी समझ नही पाया। उस अनतानुबधी माया के चाबुको ने तेरी इतनी मरम्मत की कि जिससे तेरे विकसित स्वरूप का घेरा अविकसित अवस्था की चरम सीमा तक पहुँच गया। तुझे मालूम नही रहा कि यह अनतानुबधी माया मिथ्यात्व की सहचरी है और इसने तुम्हारी ऐसी पर्याय भी बना दी कि जिससे सत्तर क्रोडाक्रोडी सागरोपम तक उस माया की गोद से बाहर न आ सके। जिस प्रकार अत्यधिक मदिरा सेवन करने वाला पुरुष इतना बेहोश हो जाता है कि उसको कोई कही गिराये तो भी उसको भान न रहे कि कहाँ पडा हूँ ? क्या कुछ हो रहा है ? श्वान मेरे मुँह के झागो को चाट रहे हैं और टागे ऊपर कर मुँह मे मूत रहे हैं। इस सबका उसे पता नही रहता। उस पुरुष को किसी पहाडी की चोटी पर ले जाकर पटक दिया जाए। वहाँ से लुढकता हुआ नदी के प्रवाह मे आ गिरे और कुछ पानी की शीतलता से अथवा लुढकने की चोटो से नशा कम पडे और वह कुछ होश मे आये तब उसको यत्किचित् भान होता है कि किस कारण मेरी दुर्दशा हुई है। 'धर्म अच्छा है' यह शब्द ही उसको प्रिय लगता है फिर भी वह वास्तविक धर्म को नही समझ पाता है। 'धर्म अच्छा है' इस वाक्य से उसके पुण्यवानी का योग कुछ पनपने लगता है और यदि इस तरह से अपेक्षाकृत बेहोशी मे भी कुछ उठने का प्रयास करने लगता है तो वह कुछ आगे बढ सकता है। किन्तु यह दशा भी अनन्तकाल के बाद कदाचित् कदाचित् आ पाती है। वैसे हे चैतन्यदेव ! तुमको महामिथ्यात्वरूपी पति के साथ

अनन्तानुबधी माया ने सत्तर क्रोडाक्रोडी सागरोपम तक की अवस्था का अनुभव कराया । उससे ससार की विकट योनियो की पहाडी रूपी घाटियो मे लुढकते हुए देशोन करोड पूर्व कम एक क्रोडाक्रोडी सागरोपम की मिथ्यात्व की अवस्था अवशेष रही तब ऐसे चैतन्य को कुछ भान हुआ और धर्म शब्द प्यारा लगने लगा । फिर भी कौनसा धर्म यथार्थ है, इसका भान नही हो पाता है । किन्तु धर्म शब्द की स्तुति अच्छी लगने से शुभ भाव का योग उपस्थित होता है ।

इस अवस्था को यथा प्रवृत्ति करण कहा जा सकता है । इस दशा मे यदि किसी सद्गुरु का सयोग मिले और उनके उपदेश श्रवण से मन मे हर्षोल्लास पैदा हो अथवा स्वाभाविक तौर पर मिथ्यात्व मोह कर्म की ओर कम होने पर अपूर्ण कारण की अवस्था परिणामो मे पैदा हो जाय तो उस समय मिथ्यात्व के ग्रन्थिभेद के साथ-साथ अनन्तानुबन्धी माया की भी गूढ ग्रन्थिया विखण्डित होती है । तदनन्तर सिद्धान्त की दृष्टि से सम्यक्त्व रत्न उपलब्ध हो सकता है, किन्तु कर्मग्रन्थकार के अभिप्रायानुसार अपूर्वकरण के पश्चात् अनिवृतिकरण एव अन्तरकरण की प्रक्रिया मे सम्यक्त्व भाव का प्रादुर्भाव होता है, अस्तु ।

जहाँ तक सम्यक्त्व रत्न की एक समय की भी उपलब्धि नही होती है तब तक अनन्तानुबन्धी माया से चैतन्य देव घिरा रहता है । उस सम्यक्त्व रत्न की प्राप्ति से पूर्व वह गूढ माया के अथवा अन्य शब्दो मे कहे कि वह गठीली माया के चगुल मे फँसा रहता है । उस अवस्था से लेकर पूर्व अवस्था मे चैतन्य को नहो छोडने वाली माया अपने मिथ्यात्वरूपी पति के साथ रहती है, अतएव 'माया-मिच्छदिठ्ठी' की सज्ञा वह चैतन्य देव पाता है ।

जैसे ही सम्यक्त्व रूपी सूर्योदय हुआ कि वैसे ही माया रूपी मिथ्यात्व की स्त्री अज्ञानरूपी अन्धकार सहित चैतन्य देव से विलग हो जाती है । उस अवस्था मे फिर मिथ्यात्व के रहने का प्रसग ही नही आता । अतएव वही चैतन्य देव सुमति-स्त्री के साथ रहता है । इस अवस्था मे चैतन्य देव को यदि वीतराग देव के अगो का रहस्य ज्ञात हो जाय तो समता ध्यान की प्रक्रिया एव समतादर्शन को सम्यक्रीत्या समझा एव जाना जा सके । इसी जानकारी मे यदि वह साधक आन्तरिक सम्यक्अनुभूति को उपलब्ध करने का प्रयत्न करे एव समीक्षण ध्यान की प्रक्रिया के साथ अपनी समीक्षणदृष्टि को विकसित करता निरन्तर आगे गति करे तो अप्रत्याख्यानी तथा प्रत्याख्यानो माया का समीक्षण करते हुए सज्वलन माया को अवस्था मे पहुँच जाता है । किन्तु यदि साधक अशुभ योग की अवस्था मे लग जाता है तो उसकी ध्यानसाधना विच्छिन्न हो सकती है एव समीक्षणदृष्टि की सर्चलाइट से भी बढकर रोशनी की अवस्था भी धूमिल होने लगती है । वहाँ पर साधक के सभलने का प्रसग न आया तो वह उस अवस्था से नीचे भी उतर सकता है और यदि सभल जाता है तो शुभ योग की अवस्था से अपनी

ध्यानसाधना एव समीक्षणदृष्टि को चमकाता हुआ अप्रमत्त अवस्था मे रहने लगता है। वहाँ अन्य साधन सामग्री का सयोग उपलब्ध हो तो उस साधन सामग्री का उपयोग करता हुआ सज्वलन सबधी माया का भी समीक्षण कर लेता है। वह समीक्षण यदि दृढीभूत अवस्था का बन पाय तो अग्रिम उच्चतम श्रेणी को वर सकता है और यदि साधना मे कुछ पोचापन रहा तो अग्रिम अवस्था मे बढने को बजाय पुन पूर्वावस्था मे लौट सकता है। अतएव समीक्षणध्यान के साधको को बहुत ही सतर्कता रखने की आवश्यकता रहती है।

यह साधना कल्पतरु या अमृत कलशादि की उपमाओ से भी उपमित नही की जा सकती। यह तो अनुपमेय साधना का स्वरूप कहा जा सकता है। इसी साधना के चरमोत्कर्ष पर पहुँचने पर सदा-सदा के लिए दुःख–द्वन्द्व एव विषमताओ का अन्त किया जा सकता है। विश्व मे कितनी भी साधनाएँ क्यो न हो, वे साधनाएँ कितनी भी महत्त्वपूर्ण एव जनप्रभावी रही हो, उन सबके अन्तर मे समता-साधना प्राण रूप से व्याप्त रहती है। तभी वह साधना कुछ प्राणवान् बन सकती है। किन्तु अन्ततोगत्वा सपरिपूर्ण चरम लक्ष्य को पाने के लिए उन सभी साधनापद्धतियो को समता-साधना मे रूपान्तरित होना ही होगा। यह त्रिकाल अबाधित अखण्ड शाश्वत सत्य है। इसको व्यक्ति तत्क्षण समझ पाये या न समझ पाये पर एक न एक दिन समझना ही होगा। तभी व्यक्ति अपने व्यक्तित्व मे वास्तविक शक्ति सम्पन्नता पा सकेगा। पारिवारिक इकाई को सुव्यवस्थित कर सकेगा, सामाजिक धरातल पर समता समाज-रचना का भव्य स्वरूप उभार सकेगा। राष्ट्रीय धरातल पर समता का साम्राज्य निखर सकेगा एव एक न एक दिन समग्र विश्व समता की सुखद छत्र छाया मे जीवन का महत्त्वपूर्ण मूल्याकन कर सकेगा।

इस अवस्था को प्राप्त करने मे देर हो सकती है, अन्धेर नही। विषमता के पुजारी, ममता के स्वामी जब तक जीवन का अद्भुत महत्त्व नही समझ पायेगे तब तक समता की छत्रछाया मे विषमता की ज्वाला उगलते रहेगे एव व्यक्ति आदि इकाइयो को सत्रस्त करते रहेगे। किंतु एक न एक दिन ममता की दासता से मुक्त होकर विषमता की ज्वाला को समता रूपी शीतल पानी से शमित करने के लिए अग्रसर होना ही पडेगा।

विश्व मे किसी भी कार्यप्रणाली के अन्दर सुव्यवस्था एव सुफल की अवस्था आ सकती है। अतएव प्रत्येक प्रतिभासम्पन्न पुरुष को चाहिए कि अनेकानेक ठोकरे खाने, रुलाने, भटकने एव विषमता की ज्वाला मे झुलसने तथा ममता की दासता मे गिडगिडाने की अपेक्षा प्रारम्भ मे ही जीवन का [illegible] मूल्याकन करते हुए समता की साधना मे तन्मय बनकर समीक्षणदृष्टि को अभिव्यक्त करने मे अपने मे अपने आप को समर्पित कर दे। यही श्रेयस्कर है।

मानव का तुच्छ स्वार्थ, सकीर्ण मनोवृत्ति, कजूसी, ईर्ष्याभाव, अपनी कमजोरी को छिपाने की वृत्ति, झूठी श्लाघा, अन्य को गिराने की मनोवृत्ति, गुप्त पाप की आदत, बिजिगीषुता, यशोकीर्ति की लालसा, राजनैतिक व्यसन, नेतागिरी की आदत, मानसिक दुर्बलतादि माया के अनेक कारण होते है। उनमे से कतिपय ही यहाँ दर्शाये गये है।

पुरुष भौतिक सुखसामग्री को एव उसके अनुरूप साधनो को महत्त्व देता है। वह तुच्छ स्वार्थ भरा होता है क्योकि भौतिकसामग्री स्वय नाशवान् है। सारे ससार का जूठन है। उनको सुखसाधन मान कर उनकी प्राप्ति के लिए छल करता है, माया-गूढ-मायादि की मनोवृत्ति से उनको प्राप्त करने का प्रयास करता है अत. वह अज्ञानी है, क्योकि उसने अविनाशी तत्त्व को पहचान नही पाया।

दृश्य जगत् से परे अदृश्य सृष्टि की उसको जानकारी नही रहती। वह चर्मचक्षुओ से जितना कुछ दृष्टि मे आता है उसी को सम्पूर्ण मानकर चलता है। अविनाशी तत्त्व सहित प्राप्त अमूल्य जीवन को तुच्छ स्वार्थ के लिये विनष्ट करने की कोशिश करता है एव मायादि माध्यमो से स्व-पर को धोखा देता है। उन्ही परिणामो मे आयुसबध होने पर दुर्गति का दु ख स्वय उपार्जित करता है। इनका निवारण तभी हो सकता है जबकि वह वीतराग देव के द्वारा उपदिष्ट मार्ग को श्रेयस्कर माने एव भेदविज्ञान के साथ सम्यक् श्रद्धानपूर्वक ज्ञान एव चारित्र की उपलब्धि करे। जड और चेतन का यथार्थस्वरूप जानकर तुच्छ स्वार्थ का परित्याग करे, अथवा उनके प्रति रही हुई ममता की निवृत्ति को एव उसके दुष्परिणाम को समीक्षण दृष्टि से देखे।

साधक यदि तटस्थ द्रष्टा भाव से सदाचरण का स्वरूप जीवन मे साकार बनाये तो इस तुच्छ स्वार्थ से परिपूर्ण वृत्ति से निवृत्ति पा सकता है, अन्यथा चातुर्गतिक ससार तो उसके पल्ले है ही।

मानवीय पर्याय मे रहा हुआ चैतन्यदेव विविध आयामो मे से गुजरता है। उसमें उसके कार्य करने का प्रसग आ सकता है एक दूसरे के साथ परस्पर का सहयोग भी अपेक्षित रहता है। कभी आदान-प्रदान करने का प्रसग भी आता है। उस समय पडौसी उदार भावना से सहयोग देता है और आवश्यकता पडने पर सहयोग लेता भी है। यह परस्पर का एक-दूसरे के ऊपर उपकार का कार्य है। इसलिए ज्ञानी जनो ने कहा है "परस्परोपग्रहो जीवानाम्"। इस सिद्धान्तानुसार विशाल मनोवृत्ति के साथ एक दूसरे के सहयोग पर निर्भर रहता है किंतु जिसकी मनोवृत्ति सकुचित होती है वह दूसरो से सहयोग ले लेता है, परन्तु सहयोग देने के प्रसग पर हिचकिचाता है। शक्ति होते हुए भी सहयोग न देना योग्य नही है। सहयोग की आवश्यकता महसूस करने वाला व्यक्ति जब किसी से सहयोग

मांगता है और जिससे सहयोग मांगता है वह यदि सकीर्ण मनोवृत्ति का है तो शक्ति होते हुए भी सहयोग देने की भावना न होने से वह कोई तरीका ढूँढता है। वह सोचता है कि सीधा इन्कार करूगा तो अच्छा नही लगेगा। अतएव वह माया का सहारा लेकर कहता है कि जिस वस्तु की आप चाह कर रहे है वह मेरे पास नही है। क्या करूँ, होती तो मैं अवश्य दे देता। सहयोग की आकांक्षा रखने वाला चतुर है तो वह उसकी इस माया की वृत्ति का अनुमान कर लेता है। वह सोचता है कि इसके पास वह वस्तु पर्याप्त मात्रा मे है। मैं सदा के लिए तो ले नही रहा हूँ, पुन लौटा दूँगा। इस बात को यह जानता भी है। फिर भी सकीर्ण मनोवृत्ति के कारण यह माया का सहारा ले रहा है। इससे यह अपना अहित कर रहा है और अन्य पर भी इसका अच्छा असर होने वाला नही है, केवल ज्ञान की कमी के कारण अपनी तुच्छ मनोवृत्ति का परिचय दे रहा है। यह कुछ भी करे, मैं अपनी मनोवृत्ति को उदार ही रखूँगा। कभी भी मन मे सकीर्णता को प्रवेश नही करने दूँगा। मुझे कोई सहयोग प्रदान करे या न करे, मैं तो उनको सहयोग देता रहूँगा। दुनिया की वस्तुएँ किसी के साथ जाने वाली नही हैं और न किसी के पास स्थायी रूप से रहने वाली है। फिर क्यों मैं माया का आश्रय लूँ। क्यो न उदारतापूर्वक आवश्यकतानुसार लोगो को देता रहूँ। इससे मेरी मनोवृत्ति मे जहाँ कही, किसी विषय मे, सकीर्णता की वासना होगी वह भी साफ हो जायेगी। विशालता एव व्यापकता, विस्तृत होने पर अन्य अनेक सहयोगी व्यक्तियो की सकीर्ण वृत्ति भी समाप्त होगी। समीक्षण ध्यान की पृष्ठ-भूमि दृढ होगी। जीवन की सार्थकता के साथ-साथ आत्मशुद्धि का कार्य भी बन पायेगा। अतएव समताभावपूर्वक प्रत्येक विषय का समीक्षण दृष्टि से देखने का प्रयत्न करें जिससे सभी प्रकार की सकीर्ण मनोवृत्तियो का निराकरण हो जाए।

ही मुझे प्रेरणा मिलेगी जिससे मै भी आगे बढ सकूँगा। इस प्रकार विचार करके वह ईर्ष्या को प्रतिस्पर्धा के रूप मे परिवर्तित कर देता है। द्वेष-ईर्ष्या के वशीभूत मानव बढने वाले का अहित सोचता है, उसको गिराने, बर्बाद करने के लिए दृढ सकल्पी बनता है। प्रतिस्पर्धा की भावना मे गिराने, साधन अवरुद्ध करने एव बर्बाद करने का विचार नही होता है। किन्तु अन्य की वृद्धि को देखकर प्रसन्न होना, साधनो को बढने पर खिन्नता न लाना, किन्तु बढने वाले से प्रेरणा लेना और दोनो का हित चाहता होता है। यही ईर्ष्या-द्वेष एव प्रतिस्पर्धा मे अन्तर है।

समीक्षण ध्यानी सोचता है कि अनिवार्यता के कारण भौतिक द्रव्यो को जुटाना पडता है। उसकी समझ-बूझ यथावत् होती है। शरीर निर्वाह सम्बन्धी वस्तुओ को वह सर्वोपरि नही मानता। उनके लिए ईर्ष्या-द्वेष तो दूर रहा, प्रतिस्पर्धा भी नही करता है। यह समीक्षणध्यानी की बहुत बडी विशेषता होती है। वह अपने सम्यग्ज्ञान एव ध्यान के बल से ईर्ष्या-द्वेषमय वृत्ति के निवारण के साथ-साथ प्रतिस्पर्धा बृत्ति को भी महत्त्व प्रदान नही करता है, अतएव उसे माया के प्रयोग की आवश्यकता ही नही रहती। इस विचारधारा मे ईर्ष्या-द्वेष को कोई अवकाश ही नही रहता है।

विचक्षण पुरुषो को इहलोक और परलोक सम्बन्धी हानि से बचने के लिए माया के निमित्त भूत तत्त्वो मे शक्ति का नियोजन न कर जीवन-विकास की ओर शक्ति का सप्रयोग करना ही श्रेयस्कर है।

गुह्य पाप

मानव कुसगति से, अज्ञानता से एव आनुवशिक परम्परा से कई गुह्य कुटेवो का व्यसनी बन जाता है। कई बार ऐसी आदतो का शिकार बन जाता है कि वे छुटाये नही छूटती। प्रत्युत् दिन-प्रति दिन बढती ही जाती है। किसी कुटेव का अन्य को पता न लग पाये, इसलिए वह माया पूर्वक वर्ताव करता रहता है। किसी को शका-आभास होने पर वह उससे जानकारी चाहता है तो वह उसे जानकारी देते सकुचाता है, भयान्वित होता है और माया के साथ-साथ अनर्थ, अनर्गल बाते करता है, अपने वर्तमान जीवन को अविश्वसनीय बनाने के साथ ही पाप कर्मो का उपार्जन अत्यधिक मात्रा मे करता है। परिणामस्वरूप मानसिक रोग से रुग्ण बन करके इहलोक और परलोक को बिगाड लेता है। जीवन की ऐसी बर्बादी से बचने के लिए बुद्धिमान् पुरुष को चाहिए कि भूतकाल मे आसेवित दोष परिपूर्ण वृत्तियो को योग्य गुरु के पास आलोचना के रूप मे अन्त करण से प्रकट करदे। जो भी दड प्रायश्चित्त हो उसे सहर्ष स्वीकार करके शुद्धीकरण करले, भविष्य मे कदाचित् होने वाली गुह्य दोष सबधी प्रवृत्तियो से

सावधानीपूर्वक बचता रहे और कभी ऐसी प्रवृत्ति हो जाए तो उसके लिए पश्चात्ताप करता हुआ समीक्षण दृष्टि से उसका निष्कासन करे, जिससे गुप्त दोष माया का हेतु न बन सके।

विजिगीषु वृत्ति

कभी-कभी अक्षरी ज्ञान की बदौलत अथवा मति ज्ञानावरणीय कर्मों के विशिष्ट क्षयोपशम से प्राप्त बुद्धि बल का उपयोग करते हुए मनुष्य दूसरे को पराजित करने में वाचाल हो जाता है। तब वह इस अवसर की प्रतीक्षा में रहता है कि मैं वाद-विवाद में दूसरे को पराजित कर विजयी बनूँ। तर्क-वितर्क के साथ अन्य को जीतने की इच्छा से माया का सेवन भी करता है। शब्दों का छल पूर्वक प्रयोग करता है, वितण्डावाद पर उतारू हो जाता है। सरल स्वभावी, ज्ञानी जन इस शब्द-छल में पडने की अपेक्षा मौन धारण कर लेते हैं। वे माया से बचकर अपनी शक्ति का सरक्षण कर लेते हैं। उस सरक्षण की गयी शक्ति को आत्म-विकास एव जीवन-निर्माण की ओर समायोजित करने की इच्छा से विवाद में नहीं उतरते हैं। इससे मायावी पुरुष अपने को विजयी समझ, अहकार की पुष्टि करने लगता है। वह यह नहीं सोचता है कि माया-छल कपट पूर्ण दाव पेंच मेरे अमूल्य जीवन को ही छल रहे हैं। इससे झूठे मद पोषण के अतिरिक्त कोई लाभ होने वाला नहीं है। अतएव विजिगीषु-वृत्ति धारण करके मैं क्यों माया का सेवन करूँ। अपनी शक्ति को माया में निरर्थक न लगाऊँ और समीक्षण ध्यान के माध्यम से आगे बढूँ, जिससे मेरा आध्यात्मिक अभ्युदय सम्पन्न हो सके।

नेतागिरी

मानव-जन्म एक प्रकार से अबोध अवस्था में होता है। उस समय मुख्यतया आनुवंशिक संस्कार की प्रधानता रहती है। किन्तु शिशु अवस्था से ज्यों-ज्यों आगे बढता है त्यों-त्यों अनेक प्रकार की परिस्थितियाँ देखता है। अनेक व्यक्तियों के सम्पर्क में आता है। उनमें से किसी को अनुशास्ता के रूप में देखता है और किन्हीं को अनुशास्य के रूप में।

अनुशास्ता को विशेष महत्त्वपूर्ण स्थान पर पाता है। उसकी आदरास्पदावस्था एव अनेकानेक प्रकार से होने वाले सत्कार एव सम्मान को देखता है। इससे उसकी आन्तरिक वृत्ति स्पन्दित होती है और वह सोचता है कि मुझे भी कभी यह महत्ता प्राप्त हो सकती है। इस आन्तरिक लालसा को आरम्भ में खेलकूद के क्षेत्र में पूर्ण करता है। यदि इतर अवस्था के सहपाठियों के साथ बाल क्रीडा करता हुआ उन्हें खेल का निर्देशन देता है और कार्य करने की आज्ञा प्रदान करता है। इस क्रीडा में अपने आपको अनुशास्ता-नेता मानकर सतुष्टि का अनुभव करता है। जब स्कूल में जाता [illegible]

प्रदर्शित करता है तो विद्यार्थी अपनी यूनियन बना कर उसे नेता मान लेते है। उस कार्य मे उसको रसानुभव होता है एव कार्य करते-करते नेतागिरी की आदत मे परिणत हो जाता है, तदनन्तर अन्य कामो को गौण कर वह नेतागिरी को ही महत्त्व प्रदान कर चलने लगता है। सामाजिक एव राष्ट्रीयादि कार्यक्रमो मे अधिक सक्रिय होकर नेता बनने का भरसक प्रयत्न करता है। जब अपनी समान प्रकृति वाला दूसरा कोई मुकाबिले मे खडा होता है, उस समय अपनी पूर्व की सहज सरल प्रकृति को भूल कुटिलता एव दावपेच रूप छल-छद्म को अपनाता है। जिस नीति को उसने अपनाया वह सफल न हुई तो षड्यत्रादि का सहारा लेकर मायावी बन जाता है। उस समय उसकी नेतागिरी की आदत माया के रूप मे पनपने का मुख्य हेतु बन जाती है इस तौर-तरीके मे वह स्व-पर का बहुत बडा अहित करता है, अपने को निकाचित कर्म बन्धन के कारण दुर्गति की यातना का पात्र एव वर्तमान को भी सकट-ग्रस्त बना लेता है। अतएव प्रज्ञा-सम्पन्न पुरुष को चाहिए कि वह नेतागिरी के व्यसन को अपने जीवन मे कभी न पनपने दे। सेवाभाव एव परोपकार को ही सर्वोपरि स्थान दे। वर्तमान जीवन को आचार, विचार एव उच्चार की सपुष्टि के साथ आध्यात्मिक जीवन मे प्रवेश करे जिससे कि समीक्षण ध्यान से अपने जीवन को सुसज्जित बनाता हुआ समीक्षण दृष्टि से अन्तरग एव बाहर अवलोकन करने का अभ्यास डाले। इससे मनुष्य जीवन की सार्थकता भव्य तरीके से सिद्ध हो सकेगी। स्वय अपनी उस आदत को स्वय के मन पर नियत्रण करने के रूप मे बदल दे तथा मानस तत्र मे रहने वाले विकारो का परिमार्जन कर वास्तविक अर्थ मे अपनी आत्मा को निर्मल, स्वच्छ बना सिद्ध-बुद्ध-मुक्तावस्था को वर ले।

इस प्रकार प्रज्ञावान् पुरुषो को माया के स्वरूप का भली-भाँति अवलोकन करना चाहिए एव उसकी उपस्थिति मे मोहक लुभावने दृश्यो का जो क्षणिक प्रलोभन है उसमे कभी अपने आपको नियोजित नही करते हुए आत्म-शुद्धि को प्रधानता देकर चलना चाहिए। आत्मा की पवित्रता साधने पर सभी सध जाता है। इससे भिन्न तत्त्वो की उपासना के रूप मे लक्ष्य निर्धारण करना खतरो को निमत्रण देना है। दु ख-द्वन्द्व एव विषमता के दलदल मे फसना है। ममताभाव की मूर्च्छा को समताभाव से विलग करने पर तथा समीक्षण दृष्टि से दु ख-द्वन्द्व एव विषमता को देखने पर इनका अस्तित्व समाप्त हो जाता है। अतएव समीक्षण ध्यान की साधना ही वास्तविक साधना है। इसमे सशय को किंचित् भी अवकाश नही है।

• • •